राष्ट्रीय आवास बैंक

मुख्यालय, नई दिल्ली – 110003.

सहायक प्रबंधक (स्केल I) की भर्ती

संदर्भ:- विज्ञापन सं. – रा.आ.बैंक/मा.सं. एवं प्रशासन/भर्ती/2020-21/02 दिनांकित 29.08.2020

दिनांक 18.10.2020 को आयोजित ऑनलाइन परीक्षा का परिणाम

दिनांक 18.10.2020 को आयोजित ऑनलाइन परीक्षा के परिणाम के आधार पर, **164 अभ्यर्थियों** को सहायक प्रबंधक (स्केल I) के पद हेतु साक्षात्कार हेतु अनंतिम रूप से चुना गया है। कृपया साक्षात्कार (वर्जुअल माध्यम साक्षात्कार) हेतु अनुक्रमांक-वार चयनित अभ्यर्थियों को नीचे दिए गए लिंक पर देखें।

साक्षात्कार के लिए चुने गए अभ्यर्थियों के अनुक्रमांक की सूची

टिप्पणी: उपरोक्त परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के अंक और श्रेणीवार कट-ऑफ को चयन प्रक्रिया पूरी होने और भर्ती के अंतिम परिणाम की घोषणा के बाद बैंक की वेबसाइट पर डाल दिया जाएगा। इस संबंध में आरटीआई प्रश्नों पर चयन प्रक्रिया के पूरा होने और भर्ती के अंतिम परिणाम की घोषणा के बाद ही विचार किया जाएगा।

चयनित अभ्यर्थियों के लिए निर्देश:

1. (क). सभी चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि **बायो-डाटा-सह-सत्यापन प्रपत्र (बीएएफ)** भरें एवं उक्त को दिनांक 21.11.2020 से 30.11.2020 तक 11:55 बजे तक ऑनलाइन जमा करें। बीएएफ प्रपत्र प्रस्तुत करने के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक की वेबसाइट पर एक लिंक दिनांक 21.11.2020 को प्रातः 10 बजे से उपलब्ध हो जाएगा। अभ्यर्थियों को अपना अनुक्रमांक या पंजीकरण संख्या, जन्म तिथि और कैप्चा दर्ज कर लॉग इन करना है। ऑनलाइन बीएएफ में अभ्यर्थियों को निजी प्रोफाइल, योग्यता, अनुभव आदि प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित जगह उपलब्ध कराई जाएगी। अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि अंतिम समय में विलंब से बचने के लिए समय से पूर्व बीएएफ प्रस्तुत करें। ऑनलाइन मोड के अलावा अन्य माध्यमों से प्रस्तुत किये जाने वाले बायो-डाटा-सह-सत्यापन प्रपत्र (बीएएफ) एवं अन्य प्रासंगिक दस्तावेज स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(ख) अभ्यर्थियों को आयु प्रमाण, शैक्षणिक/पेशेवर योग्यता, योग्यता पश्चात अनुभव प्रमाणपत्र (यदि कोई हो), पहचान प्रमाणपत्र, समुदाय प्रमाणपत्र, पीडब्ल्यूबीडी प्रमाणपत्र, अनापत्ति प्रमाणपत्र (प्रयोज्यता के अनुसार) से संबंधित दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित स्कैन प्रतियां अपलोड करना अपेक्षित है। इसके अतिरिक्त, अभ्यर्थी कृपया ध्यान दें कि कुछ क्षेत्र जैसे कि अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, श्रेणी, पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी, मोबाइल नम्बर, ईमेल पता आदि भर्ती हेतु अपने ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र को भरते समय अभ्यर्थी द्वारा प्रदान की गई जानकारी का उपयोग का पहले से भरा गया है। इन क्षेत्रों को अभ्यर्थी द्वारा बदला नहीं जा सकता है। हालांकि, विसंगति के मामले में, इसके बारे में बैंक को recruitments@nhb.org.in पर ईमेल के माध्यम से अलग से बताया जा सकता है।

(ग) अभ्यर्थी केवल निर्दिष्ट प्रारूप में अपना पहचान प्रमाणपत्र अपलोड करना है। कृपया विनिर्दिष्ट प्रारूप हेतु नीचे लिंक पर जाएं।

पहचान प्रमाणपत्र

(घ) अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अपलोड किए गए सभी दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों और संबंधित मूल दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन प्रस्तुत बीएएफ का प्रिंटआउट लाना है। विनिर्दिष्ट प्रारूप में अपेक्षित दस्तावेज लाने में विफल अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं होगी। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी द्वारा अपेक्षित दस्तावेजों को प्रस्तुत नहीं करने पर उनके/उनकी उम्मीदवारी को भर्ती प्रक्रिया में आगे भाग लेने से रोक दिया जाएगा।

(ङ) पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थी जिन्होंने एक स्क्राइब की मदद ली है (दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों को छोड़कर) उन्हें इस आशय हेतु अभ्यर्थी को लिखने की गति सहित लिखने की शारीरिक सीमा है, प्राधिकृत भारत सरकार/राज्य सरकार के विभाग/अस्पताल से एक चिकित्सा प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा। अपने दिव्यांगता प्रमाणपत्र के अलावा इस प्रमाणपत्र की स्व-प्रमाणित स्कैन प्रति अपलोड करनी होगी। ध्यान दें: लिखने की गति सहित लिखने की शारीरिक सीमा के बारे में चिकित्सा प्रमाणपत्र, ऑनलाइन परीक्षा की तारीख से पूर्व दिनांकित होनी चाहिए।

2 चयनित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार दिसंबर, 2020 में आयोजित किए जाएंगे। साक्षात्कार बुलावा पत्र में उल्लिखित निर्धारित तिथि को बैंक के नजदीकी कार्यालय अर्थात रा.आ.बैंक क्षेत्रीय कार्यालयों/क्षेत्रीय प्रतिनिधि कार्यालय/मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। कोविड-19 महामारी के बीच अभ्यर्थियों के द्वारा यात्रा को कम करने हेतु ऑनलाइन परीक्षा केंद्र जहां वे उपस्थिति हुए थे, साक्षात्कार स्थल के तौर पर नजदीकी रा.आ.बैंक कार्यालय आबंटित किया जाएगा।

3 बैंक अपने वेबसाइट पर साक्षात्कार समय-सारणी अपलोड करेगा। साक्षात्कार हेतु कॉल लेटर डाउनलोड करने की सुविधा नियत समय पर उपलब कराई जाएगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि अद्यतित जानकारी हेतु रा.आ.बैंक की वेबसाइट देखते रहें। अभ्यर्थी कृपया ध्यान दें कि साक्षात्कार हेतु कोई कागज आधारित कॉल लेटर जारी नहीं किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, अभ्यर्थी को संबंधित राज्य सरकारों की मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार, यदि अपेक्षित हो तो ई-पास सहित यात्रा, रहने की व्यवस्था खुद से करनी होगी।

4 सभी चयनित अभ्यर्थियों को बैंक की वेबसाइट से साक्षात्कार हेतु कॉल लेटर डाउनलोड करना और अपनी पात्रता के समर्थन में ऑनलाइन प्रस्तुत बीएएफ दस्तावेज और सभी मूल दस्तावेज साक्षात्कार के दिन हार्ड कॉपी सहित लाना अपेक्षित है।

दिनांक: 19.11.2020
स्थान: नई दिल्ली

महाप्रबंधक
मा.स. एवं प्रशा. विभाग

नोट: किसी भी विवाद की दशा में अंग्रजी मूलपाठ मान्य होगा।